IFFCO
Wholly owned by Cooperatives
Head Office

(मानव संसाधन विकास विभाग)

संयुक्त महाप्रबंधक (मा.सं.)	सभी इकाई प्रमुख/ राज्य विपणन प्रबंधक
संदर्भ : वि.मु./सुझाव/118/ 2016-17	23 मई , 2016

विषयः छठवीं इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट का आयोजन।

आपको ज्ञात है कि गत कुछ वर्षों से कारपोरेट स्तर पर इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हम 25-26 जुलाई,2016 को " छठवीं इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट " का आयोजन करने जा रहे हैं। इस मीट का आयोजन एफ.एम.डी. आई. गुड़गांव में किया जा रहा है।

इस मीट में सभी इकाईयों/राज्यों के कोर्डिनेटर के साथ-साथ प्रत्येक इकाई से पांच तथा प्रत्येक राज्य से दो श्रेष्ठ सुझावकर्त्ताओं को बुलाया जा रहा है, जो अपने सुझावों को प्रस्तुत करेंगे। सुझावकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत सुझावों के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व मैरिट तथा **" सर्वश्रेष्ठ कोर्डिनेटर "** पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा,जो इकाई/ राज्य के कोर्डिनेटर द्वारा दिये जाने वाले प्रस्तुतीकरण के आधार पर दिया जाएगा।

" सर्वश्रेष्ठ इकाई " व " सर्वाधिक सहभागिता " पुरस्कार का निर्णय इकाई / राज्य से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर पहले कर लिया जाएगा। तथापि, शेष पुरस्कारों का निर्णय इस मीट के दौरान किए जाने वाले प्रस्तुतीकरणों के आधार पर किया जाएगा। अनुरोध है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नामित कर्मचारियों के प्रजेंटेशन की गुणवत्ता व उसके प्रजेंटेशन कौशल आदि को सुधारने में उनकी सहायता की जाए ताकि वे उत्साह पूर्वक इस मीट में भाग ले सकें।

आपसे अनुरोध है कि आप अपनी इकाई/ राज्य से यथा अपेक्षित संख्या में सुझावकर्त्ताओं को इस मीट में भाग लेने के लिए नामित करें और नामित कोर्डिनेटर व सुझावकर्त्ताओं के नाम हमारे पास 15 जून, 2016 तक भिजवा दें। नामांकन की सूचना मुख्य प्रबंधक (प्रशिक्षण) के पास भी भेजें।

नकुल पाठक 23/05/16.
(नकुल पाठक)

प्रतिलिपि : **निदेशक (मा.सं. / विधि)**